# THE GLOBAL TIMES

Vol 16, Issue 23 | Language: English | New Delhi | Monday, September 2, 2024 | Weekly | DELENG /2009/30258 | Price: Annual Subscription ₹1000 | www.theglobaltimes.in


# Beyond the spotlight

*Teachers inspire, guide, and nurture, shaping our knowledge and character. This Teachers' Day, students from **AIS Saket** explore what makes an exceptional teacher by reflecting on influential figures from various fields. Their insights show how these personalities embody effective teaching, offering unique attributes that would enrich any classroom. As we celebrate the role of educators, we honour their profound impact on guiding us toward our full potential and shaping future generations.*

## A legacy of compassion

Jane Addams, a pioneering social worker and peace activist, stands as an inspirational figure whose legacy continues to shape the field of social work. Her relentless dedication to addressing poverty, inequality, and social injustice demonstrates her unwavering commitment to the empowerment of marginalised communities. As a teacher, Addams would bring unparalleled empathy and passion to the classroom, guiding students to actively engage in creating meaningful change. Under her mentorship, students would learn to approach social work with compassion and critical thinking.

**My favourite quote:** "The good we secure for ourselves is precarious and uncertain until it is secured for all of us and incorporated into our common life."

**Sonakshi Uppal, AIS Saket, IX D**

## From screen to classroom

Priyanka Chopra embodies the qualities of an exceptional teacher, merging her talent, experience, and wisdom with a deep sense of resilience and determination. With a diverse career spanning acting, producing, philanthropy, and entrepreneurship, her versatility and eagerness to learn are essential traits that any teacher should possess. Her ability to navigate different cultures and professions with grace and empathy further enhances her potential as a mentor and role model. She would guide aspiring individuals with confidence and inspire them to stay true to their paths.

**My favourite quote:** "You can't please everyone, and you can't live your life trying to."

**Aarna Behal, AIS Saket, VIII C**

## Captain cool in the classroom

Affectionately known as 'Captain Cool', Mahendra Singh Dhoni is celebrated for his unparalleled leadership and remarkable composure under pressure. Dhoni's unique blend of strategic thinking, adaptability, and calm demeanour makes him a natural teacher. He teaches the importance of maintaining composure, even in the most intense situations, a lesson that is invaluable for students learning to navigate the pressures of both academics and personal life. He has often emphasised the importance of focusing on the process rather than being consumed by the outcome. Dhoni's influence as a teacher would undoubtedly inspire students to cultivate these virtues in their lives, equipping them with the mindset needed to succeed in life.

**My favourite quote:** "The process is more important than the results."

**Bhavika Gupta, AIS Saket, VIII E**


## From physics to classroom

Albert Einstein, one of the most influential scientists in history, embodies the qualities that define an exceptional teacher. A good teacher possesses a deep understanding of the subject matter, and Einstein's profound knowledge of mathematics and science is unquestionable. His ability to simplify complex topics makes him equipped to teach challenging concepts with clarity. Furthermore, empathy is a hallmark of great educators, and his empathy allowed him to understand the challenges that children face, enabling him to create a supportive learning environment. These qualities of curiosity and mastery of subject matter make him not just a brilliant scientist, but also an extraordinary teacher.

**My favourite quote:** "Learn from yesterday, live for today, hope for tomorrow. The important thing is not to stop questioning."

**Rishita Gulati, AIS Saket, VII B**

*Continued on page 3...*



## GT POLL

**Will the restrictions on study permits in Canada leave the Indian students at a risk of deportation?**

**a) Yes**
**b) No**
**c) Can't say**

*To vote, checkout our Instagram page @the_global_times*

**Coming next**
Hindi Special Edition Part II

## Hindi Diwas Special


द ग्लोबल टाइम्स
आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस
चाँद के पार चले
शांति की खोज में
बदलता दौर
आधुनिकता की अंधी दौड़
बच्चों के मनोविकास के लिए बाल साहित्य जरूरी है


*As September unfolds, it brings with it the celebration of one of our nation's most beloved languages, Hindi. The country comes together to appreciate the linguistic beauty of this Rajbhasha, culminating in the grand observance of Hindi Diwas on September 14. In this spirit, The Global Times presents **'Part I' of our two-part Hindi Special Edition**, featuring four pages (pages 5-8) dedicated to Hindi. As you explore these pages, let the essence of Hindi inspire you with its timeless charm and cultural significance.*

## What's inside



**Parathas, pakodas, and passion, P3**


**Teachers' Day essays, P9-10**

## POLL RESULT

**for GT Edition August 26, 2024**

Do you think Disney remaking too many live action classics is taking the magic away?




**Results as on August 31, 2024**

Follow us on: @theglobaltimesnewspaper @the_global_times

Published and Printed by Mr R.R. Aiyar on behalf of Dr (Mrs) Amita Chauhan from E-26, Defence Colony, New Delhi-110024 and printed from HT Media Ltd, No 8, Udyog Vihar, Greater Noida (UP). Editor Ms Vira Sharma. | Published for the period September 2-8, 2024

# Around The WORLD

## GT keeps the newswire ticking by bringing you news from around the globe

### FRANCE



#### Telegram founder arrested

Pavel Durov, the Russian-born founder of messaging app Telegram, was arrested in Paris as part of an investigation into crimes related to children, drug trafficking and fraudulent transactions on the platform. French President Emmanuel Macron, making the first official confirmation of Durov's arrest since he was detained at Le Bourget airport outside Paris on Saturday evening, said there was no political motive in the arrest, despite many false comments online. He added that France remains deeply committed to lawful free speech.



### CHINA

#### Food companies fined

Seven companies were fined for their involvement in a tainted cooking oil scandal that caused a nationwide uproar over food safety last month. The firms were penalised a combined 11 million yuan (US$1.5 million) for their role in an incident where edible oil was being transported in trucks that had been used to carry coal oil without being properly cleaned. A unit of state grain stockpiler China Grain Reserves Corp., known as Sinograin, got the biggest fine - 2.86 million yuan - following an investigation set up by the State Council.

### NETHERLANDS

#### Dutch Grand Prix new champion



The Dutch Grand Prix witnessed a display of skills as Lando Norris secured his career's second win, outpacing championship leader Max Verstappen in a thrilling race. The McLaren driver's performance was nothing short of exceptional. Finishing over 20 seconds ahead of his closest competitor. Despite losing the lead in the opening lap, Norris demonstrated his racing prowess with an early race overtake that proved decisive.





### PORTUGAL

#### Top Gun on social media

Football superstar, Cristiano Ronaldo, has broken many records on social media ever since he announced the launch of his YouTube channel 'UR Cristiano' on August 21, 2024. He quickly became the fastest celebrity on YouTube to go past 1 million, 10 million and 20 million followers. In fact, Ronaldo's YouTube channel has put him high up in the race to become the first person to breach the 1 billion mark across social media platforms.



### SUDAN

#### Torrential rains destroy dam


Surging waters have burst through and wiped away the Arbaat dam, destroying at least five villages and leaving an unknown number of people dead in eastern Sudan. The country, which is already grappling with the longest civil war and a surge in the mpox cases, is now facing a devastating natural disaster in the form of torrential rains and subsequent floods, displacing tens of thousands from their homes.



### INDIA

#### PM's landmark visit hailed

PM Modi became the first Indian to travel to Ukraine since the establishment of diplomatic ties with the country in 1992. The historic visit was hailed as proof of India's peaceful foreign policy which seeks to take a non-partisan view of the conflict between Russia and Ukraine. During the visit, Modi said he came with a "message of peace" from 1.4 billion Indians, and a solution could only emerge through talks between Russia and Ukraine.



### AUSTRALIA

#### Limit set for foreign students

Australia will limit the number of foreign students in 2025 as part of a migration crackdown. Under the new policy, the government will cap new international students at 145,000 for universities and 95,000 for the skills training sector. Almost 600,000 student visas were granted in 2023, a significant jump from previous years. Support for migration in Australia has fallen to its lowest in five years, as per a poll released by Essential.

**News Flash**

- ▶**United Kingdom:** Manette Baillie, a 102-year-old woman became the oldest skydiver in Britain
- ▶**United Arab Emirates:** Suspends deal to buy fighter jets from France over Telegram's CEO's arrest

# Parathas, pakodas, and passion

## Geetika Gupta's Tempting Recipe For Building Business Brilliance

INTERVIEW

**Prisha Bansal** & **Shrey Srivastava**
**AIS Gurugram 43, X D**

In the dynamic world of the food industry, Geetika Anand Gupta stands out as a visionary entrepreneur, leading four successful food brands and pioneering the QSR/Cloud Kitchen concept with Mad Over Parathas and Pakodas (MOPP). Her trailblazing appearance on Shark Tank Season 2, showcases her relentless drive to innovate and empower. Recognised with prestigious awards like Women Entrepreneur of the Year 2022 and the Superwoman Award, her story is one of passion, resilience, and determination. She shares with GT, the insights and strategies that have propelled her to the forefront of the culinary world.



**Geetika Anand Gupta co-founder, MOPP**

### The perfect recipe

After living in Dubai for a while, my family and I relocated to India. One day, I wanted my son to experience authentic parathas and pakodas, something we often missed out on in Dubai. However, when I searched for these delicacies in India, I found they were either available on the streets under poor hygienic conditions or in expensive restaurants, costing up to 500 rupees. This sparked my curiosity, leading me to explore the market size for these products, which turned out to be enormous. While the opportunity was clear, there were several pain points that needed addressing. With dedication, we developed effective recipes and packaging solutions. After nine months of refining our business model, MOPP was born.

### The right ingredients

Being a woman in any industry presents its own sets of challenges, which only motivated me to work harder. I faced significant hurdles, particularly when dealing with vendors and suppliers. One of my major investments has been in hiring honest, hardworking individuals. I firmly believe that if an employee spends most of their time on their phone, they become a liability instead of an asset. Therefore, finding the right people and ensuring productivity remains an ongoing challenge.

### Prepping the stove

We adhere to strict SOPs, maintaining standardised portion sizes and the highest levels of hygiene. With over 100 types of parathas on our menu, we use a strategy called Menu Re-Engineering, which combined with permutations and combinations, allows us to manage our Stock Keeping Units efficiently. For delivery, we've partnered with platforms like Zomato, Swiggy, Magic Pin, and ONDC. Regardless of the location, our products taste the same, thanks to our use of HoReCa (Hotel, Restaurant, and Catering), a vital tool in the food service industry.

Pic: Paras Salgotra, AIS Gur 43, X A



**GT reporters with Geetika Gupta**

### Cooking with the Sharks

My experience on Shark Tank was nothing short of a rollercoaster ride. Contrary to popular belief, the cameras are always rolling on set. Initially, I was thrilled when the Sharks showed interest in our products. However, some of them eventually passed on our idea. Thankfully, Amit Jain saw the potential and offered to fund our venture, leading to a deal of 75 lakh rupees in exchange for 5% equity in the company.

### Success is served

I live by the rule of the three P's: Passion, Patience, and Persistence. Passion drives you beyond your failures and binds you to success. Once you've harnessed passion, patience becomes crucial. Aspiring entrepreneurs must always understand that success doesn't happen overnight. Finally, persistence, the determination to never give up, will always lead to success, no matter the challenges we face.

# Beyond the spotlight

*...continued from page 1*

### From boardroom lessons

Bill Gates, globally known for his entrepreneurial genius and visionary leadership, possesses qualities that would make him an outstanding teacher, particularly in business studies. As a teacher, Bill Gates has the capacity to offer unparalleled expertise in business ethics to the students, drawing from his real-world experience of leading a global company. By sharing his experiences at Microsoft, he could challenge students to think creatively and solve complex problems, just as he did when navigating the challenges of a rapidly evolving tech industry. His story of pursuing passion and innovation serves as a powerful example to all the students, inspiring them to chase their own dreams and fulfill their passion. In a nutshell, Bill Gates' blend of expertise, critical thinking, motivation, empathy, and humility positions him as an exceptional candidate to inspire and educate the next generation of entrepreneurs.

**My favourite quote:** "Thinking is the hardest work there is, which is probably why so few engage in it."

**Manan Dogra, AIS Saket, VII D**

### Teaching with a purpose

Elizabeth Blackwell, the first woman to earn a medical degree in the United States, exemplifies qualities that would make her an extraordinary teacher. Her unwavering commitment to education and her pioneering efforts in a male-dominated field showcase her ability to inspire and nurture a passion for learning in others. Blackwell's deep medical knowledge, combined with her advocacy for women's rights, offers students a powerful and empowering perspective. Moreover, Blackwell's journey as a leader would motivate students to overcome their challenges and pursue their ambitions with determination. In her classroom, Blackwell would likely create a supportive and inclusive environment, encouraging students to question the status quo and pursue their goals with confidence. Her teaching would not only impart knowledge but also inspire students to become thoughtful, empowered individuals who contribute positively to society.



**My favourite quote:** "If society will not admit of woman's free development, then society must be remodelled."

**Sunishka Goel, AIS Saket, VII C**

### The people's president

Dr APJ Abdul Kalam, the former President of India and renowned as the 'Missile Man', stands out as an exemplary figure who embodies the qualities of a great teacher. His remarkable journey to becoming a pivotal figure in India's space and missile programs showcases his dedication and perseverance. What truly makes Dr Kalam an exceptional teacher is his belief in the transformative power of education. He viewed education not just as a means to academic success but as a catalyst for personal growth and societal progress. Dr Kalam used his own life experiences to connect with students on a profound level. His teaching philosophy emphasised the importance of curiosity, creativity, and ethical values, encouraging young minds to think beyond the conventional. Dr Kalam's ability to inspire others through his life story makes him a symbol of what a great teacher should be.

**My favourite quote:** "If you want something, all the universe conspires in helping you to achieve it."

**Vivaan Vohra**
**AIS Saket, VI C**

# AMITY CENTRE FOR EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING

A CENTRE DEDICATED TO TEACHERS, STUDENTS & PARENTS

## FOR A PROMISING CAREER IN TEACHING



### APPLY FOR PROGRAMMES IN PRE-PRIMARY, PRIMARY AND ELEMENTARY TEACHER EDUCATION

**PROGRAMMES OFFERED**

- **PG Diploma in Early Childhood Care and Education** (0-8 yrs.)
- **PG Diploma in Elementary Teacher Training** (0-14 yrs.)
- **Certificate Course in Teacher Training**
- **Certificate Course in English Language Development**
- **Continuing Professional Development Modules For In-service Teachers**

Visit us

Eligibility: For PG Diploma Progs. is Graduation and for Certificate Progs. is 10+2

**REGISTRATION OPEN FOR 2024-25 BATCH**

To download Application Form and for more information on programmes & schedules, visit www.amity.edu/acert

ACERT Branches : New Delhi • Gurgaon • Noida I Helpline: 88-266-98199

Email: admissions@acert.amity.edu | www.amity.edu/acert | amityacert

हिन्दी दिवस विशेषाँक

द ग्लोबल टाइम्स

सितम्बर 2, 2024

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस

## भविष्य में करिअर की बेहतर संभावनाओं से भरपूर

हिमांक पाहुजा,
ऐमिटी ग्लोबल स्कूल, नौएडा कक्षा 8



कल्पना करते हैं एक ऐसे बुद्धिमान सहयोगी की जो पढ़ाई को हमारे हिसाब से ढाल सके, दफ्तर में उबाऊ कामों को चुटकी में निपटा सके। कुछ ऐसा ही है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई)। यह एक खास कम्प्यूटर कोड है जो सीख सकता है और एक बुद्धिमान सहायक की तरह काम भी कर सकता है। एआई छात्रों और कामकाजी लोगों के जीवन को कैसे प्रभावित कर रहा है, आइए इस पर नजर डालते हैं :

### एआई की मदद से मज़ेदार पढ़ाई

छात्रों के लिए एआई एक धैर्यवान शिक्षक हो सकता है। एआई वाले टूल्स, सीखने की गति को आप अपने हिसाब से सेट कर सकते हैं। गणित हो या अन्य विषय में मदद चाहिए, एआई हर पल तत्पर है। एआई ऐसा प्रोग्राम है जो कठिन से कठिन विषय को आसानी से समझा सकता है। एआई निबंधों की जाँच करने या क्लास शेड्यूल बनाने जैसे कार्य करके शिक्षकों का समय भी बचा सकता है। इससे शिक्षक अपना ध्यान बाकी ज़रूरी कामों पर लगा सकते हैं जैसे, छात्रों का मार्गदर्शन करना और पढ़ाई को रोचक बनाना।

### दफ्तरों में दमदार मददगार

दफ़्तरों में, एआई ऐसे साथी की तरह है जो बिना रुके काम करता रहता है। यह ई-मेल को अलग-अलग करना या डेटा का विश्लेषण करना, जैसे बार-बार होने वाले कामों को खुद कर सकता है, जिससे लोगों को ज़्यादा रचनात्मक काम करने का समय मिलता है। उदाहरण के लिए, ऐसे एआई सहायक की कल्पना करते हैं जो वेबसाइट पर ग्राहकों के सवालों का जवाब दे सके या डॉक्टरों की एक्स-रे जाँचने में मदद कर सके। एआई बड़ी मात्रा में डेटा का विश्लेषण करके ऐसे रुझानों को भी बता सकता है जिन्हें शायद इंसान नोट न कर पाएँ। इससे कंपनियों को बेहतर फैसले लेने में मदद मिलती है।

### भविष्य रोशन है (और बुद्धिमान भी)

एआई के बढ़ते इस्तेमाल के साथ, काम और पढ़ाई का माहौल भी बदल रहा है। लेकिन ऐसा नहीं है कि रोबोट सारा काम संभाल लेंगे, बल्कि एआई ऐसा उपकरण है जो हमें और ज़्यादा स्मार्ट और कुशल बना सकता है। छात्रों के लिए ज़रूरी है कि वे एआई वाले भविष्य के लिए तैयार रहें। एआई के बारे में सीखना और यह कैसे काम करता है, ये ऐसे महत्त्वपूर्ण कौशल हैं जिन्हें भविष्य में किसी भी करियर में काम आएँगे। एआई सीखने और काम करने में हमारी मदद करने के लिए है और यह भविष्य की ढेर सारी संभावनाओं से भरा हुआ है। जी टी

# अंतरमन का प्रकाश

आप सभी को शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ। हमारे महान राष्ट्र के महान शिक्षक और द्वितीय राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म दिवस के उपलक्ष में मनाया जाने वाला यह दिन, समर्पित है विश्व के अनेक अध्यापक / अध्यापिकाओं को जो संपूर्ण निष्ठा से जीवनों को ज्ञान से प्रकाशित करते हैं। और मुझे गर्व है हमारे ऐमिटी के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं पर जो रात-दिन बिना थके, बिना रुके हमारे ऐमिटी के बच्चों को सिर्फ शिक्षित ही नहीं, वरन उन्हें एक संपूर्ण मानव बनाने के लिए सदैव तत्पर रहते हैं।



डॉ. (श्रीमती) अमिता चौहान
चेयरपर्सन
ऐमिटी ग्रुप ऑफ स्कूल्स

गुरु की आवश्यकता स्वयं ईश्वर को भी होती है, संसार को गीता का उपदेश देने वाले श्री कृष्ण ने स्वयं महर्षि संदीपनि से दीक्षा ली, और ज्ञान की देवी माँ सरस्वती को वेदों का ज्ञान विष्णु अवतार हयग्रीव ने कराया।

कबीर जी का दोहा,

*गुरु गोविंद दोऊ खड़े, काके लागूं पाय,*
*बलिहारी गुरु आपने गोविंद दियो बताय।*

कितना सुन्दर व्याख्यान है कि गुरु ईश्वर से भी पहले है क्योंकि वही हमारी अज्ञानता के अँधेरे को दूर कर हमें परमात्मा, प्रकृति और जीवन का ज्ञान करा सकता है।

किन्तु क्या हो जब प्रकाशपुंज गुरु ही स्वयं को अन्धकार में अनुभव करे? इस प्रश्न का उत्तर ढूंढने के लिए मैंने कई प्रख्यात गुरुओं की जीवनियां पढ़ीं और पाया कि चाहे बुद्ध हों या अब्दुल कलाम, सभी ने ऐसे अंधकार को कभी न कभी अनुभव किया और उसे अपने भीतर के प्रकाश से ही दूर किया। सूर्य धरती को प्रकाशित करता है किन्तु बादल छाने पर उसका प्रकाश छुप जाता है, गायब नहीं होता, उसी प्रकार अंधकार का समय गुरु के भीतर के ज्ञान को छुपा नहीं सकता। किसी भी प्रकार का अंधकार मूलतः अज्ञानता ही होती है और अंतर्मन का विश्लेषण ही उस अन्धकार को मिटा सकता है।

गीता के पांचवे अध्याय का सोलवह पद्य है :

*ज्ञानेन तु तदज्ञानं येषां नाशितमात्मनः।*
*तेषामादित्यवज्ज्ञानं प्रकाशयति तत्परम्।। 16*

इसका अर्थ है कि, जिनका अज्ञान आत्मज्ञान द्वारा नष्ट हो जाता है उनके लिए वह ज्ञान सूर्य के समान परमात्मा को प्रकट करता है। आत्मज्ञान ही वह प्रकाश है जो एक शिक्षक को गुरु बनाने के मार्ग पर अग्रसर करता है। इसलिए गुरु को धैर्य और संयम से अपने अंतर्मन की ओर मुखर होकर प्रकाश की राह स्वयं खोजनी चाहिए।

# बच्चों के मनोविकास के लिए बाल साहित्य जरूरी है

*हिन्दी साहित्य जगत में बाल साहित्यकार, समीक्षक डॉ. ओम निश्चल एक जाना-माना नाम है। हिन्दी बाल साहित्य के विभिन्न मुद्दों पर ऐमिटी इंटरनेशनल स्कूल, गुरुग्राम सैक्टर 46 के अध्यापक केशव मोहन पाण्डेय ने उनसे चर्चा की। प्रस्तुत हैं प्रमुख अंश:*

*साहित्य क्या है?*

साहित्य वह पाठ्य-रूप है जिससे मनुष्य का विकास होता है। साहित्य संवेदनशील नागरिक बनने में हमारी मदद करता है। विभिन्न साहित्यकारों ने साहित्य को अपनी-अपनी तरह से परिभाषित किया है लेकिन उसका मूल आशय यही है कि साहित्य मनुष्य को मनुष्य बनाता है।

*क्या वाकई साहित्य समाज का दर्पण होता है?*


यह सच है कि साहित्य समाज का दर्पण होता है। जो समाज में घटित हो रहा है उसका प्रतिबिम्ब उस समय के साहित्य में मिलता है। यह कहना कि लेखक ऐसा कुछ लिख रहा है जो समाज में नहीं दिखाई देता, ऐसा नहीं है। लेखक समाज के मनोविज्ञान का परीक्षण करता है और तब अपने कथानक को जन्म देता है। आज साहित्य केवल दर्पण ही नहीं बल्कि समाज की आलोचना भी है। एक अच्छा व्यंग्यकार, जैसे हरिशंकर परसाई, शरद जोशी और श्रीलाल शुक्ल जैसे लेखक रहे हैं। उन्हें पढ़ें तो लगेगा समाज बुराइयों का गढ़ है और व्यंग्यकार के पास क्या अद्भुत भाषा है जिसके माध्यम से वह समाज की बुराइयों पर व्यंग्य कर रहा है।

*बाल-साहित्य क्यों जरूरी है?*

बाल साहित्य बच्चों के मनोविकास के लिए बहुत आवश्यक है। बाल-साहित्य पढ़ने से बच्चों में कल्पनाशीलता का विकास होता है। बच्चों को कहानी, नाटक, हास्य-व्यंग्य, चरित्र-मूलक आलेख पढ़ने को मिल सकें तो इनके पठन-पाठन से बच्चों में एक खास तरह का उत्साह पैदा होता है जो स्वस्थ सामाजिक चेतना के निर्माण में सहायक होता है।

*तमाम बाल-पत्रिकाएँ आज बंद हो गई हैं, क्यों?*

बाल-पत्रिकाएँ जो बच्चों में अच्छे संस्कारों का निर्माण करती थीं, आज बहुत कम है। भारत एक बहुभाषी देश है। भारतीय संविधान में 22 भारतीय भाषाएँ स्वीकृत हैं। इस दृष्टि से यदि बच्चों में मानवता का विकास करना है, उन्हें जिम्मेदार और प्रगतिशील मूल्यों से तथा भारतीय मूल्यों से जोड़ना है तो हमें विभिन्न भारतीय भाषाओं में बाल-साहित्य की पत्रिकाएँ उपलब्ध करानी होंगी। जहाँ तक अनेक बाल पत्रिकाओं के बंद होने की बात है तो कुछ बाल पत्रिकाएँ- जैसे बाल भारती, चंपक आदि आज भी प्रकाशित हो रही हैं। कुछ समाचार पत्र भी नियमित रूप से बाल साहित्य पर थोड़ी बहुत सामग्री प्रकाशित करते हैं। नई पत्रिकाओं ने जन्म नहीं लिया क्योंकि सोशल मीडिया ने अपने स्तर पर बहुत सारा बाल साहित्य त्वरित मात्रा में उपलब्ध कराया है।



डॉ. ओम निश्चल

*हिन्दी के प्रति बच्चों में पनप रही अरुचि का क्या कारण है? इसे कैसे दूर किया जाए?*

हिन्दी के प्रति अरुचि बच्चों के माता-पिता में देखी जानी चाहिए कि वे किस हद तक हिन्दी के प्रति रुचि रखते हैं। समाज तेजी से बदल रहा है। अब वह देसी समझ नहीं है जो राष्ट्रवादी भावना से सम्पन्न है। माता-पिता यही चाहते हैं कि उनके बच्चे अँग्रेजी स्कूलों में पढ़ें, अँग्रेजी में बातचीत करें, न केवल विद्यालय में बल्कि घर में भी। अँग्रेजी माध्यम स्कूलों के प्रति एक तरह का आकर्षण या प्राथमिक आकर्षण माता-पिताओं में ही है जिसे वे आज भी छोड़ नहीं पा रहे हैं। उनकी धारणा है कि अँग्रेजी स्कूल से निकला बच्चा आईएएस, पीसीएस, इंजीनियर, डॉक्टर ही बनेगा, जबकि ऐसा नहीं है। इसलिए बच्चों में जो हिन्दी के प्रति रुचि कम हुई है उसके पीछे माता-पिता का दोष है।

यह और बात है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत हिन्दी और क्षेत्रीय भाषाएँ बच्चों को पढ़ने के लिए अधिकृत रूप से मान्य की गई है और उसी के अनुसार पाठ्यक्रमों का निर्माण किया जा रहा है। यदि हमारे माता-पिता हिन्दी के प्रति अच्छी धारणा रखें, अपने बच्चों को हिन्दी कविताएँ सुनाएँ, ऐसी कहानियाँ सुनाएँ जो प्रेरक हो तो कोई कारण नहीं कि बच्चे हिन्दी के प्रति रुचि न विकसित करें।

*साहित्य को कोई भी छात्र जीविका का साधन कैसे बना सकता है?*

साहित्य अनिवार्य रूप से जीविका का साधन नहीं है। यह और बात है कि यदि आप साहित्य के प्रति निष्ठित हैं तो इसे व्यावसायिक रूप से अपनाया जा सकता है, जैसे यदि आप कहानी लिखते हैं, उसका नाट्य रूपांतरण होता है, उसपर फिल्म बनती है, कई भाषाओं में डब होती है, अनूदित होती है, सोशल मीडिया, रेडियो, टेलीविजन पर प्रसारित होती है, पॉडकॉस्ट पर प्रसारित होती है तो इससे उसका एक व्यावसायिक रूप बनता है।

# आध्यात्मिक पर्यटन: शांति की खोज में

आइशा जेटली
ऐमिटी इंटरनेशनल स्कूल, नौएडा, कक्षा 9 ए

*कौन भाँति रहिहै बिरदु, अब देखिवी मुरारि।*
*बीधे मोसौं आइ कै, गीधे गीधहिं तारि॥*
*-बिहारी*

आज की भागदौड़ भरी जिन्दगी में हर इंसान के सामने वो पल अवश्य आता है, जब उसे ठहराव की आवश्यकता महसूस होती है, ताकि कुछ पल रुककर आगे के सफ़र पर नई ऊर्जा के साथ चल पाए। जीवन में आवश्यकताओं का रूप लेती इच्छाओं और उन्हें पूरा करने के संकल्प के दौर में आत्मंथन कर मन को शांत करना और मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना भी आवश्यक है। इसी दिशा में आध्यात्मिक पर्यटन रोशनी की किरण बनकर तेज़ी से उभरा है। देश में आध्यात्मिक पर्यटन का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है- हाल ही में उत्तर प्रदेश में श्री राम की पावन नगरी अयोध्या में निर्मित श्रीराम मंदिर। इस साल 22 जनवरी को जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रीराम के बाल रूप रामलला की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न की तब सभी के मन में यह भाव आया,

*ओ लेखनी! लिख काल के कपाल पर*
*पहुँचे राम शबरी के द्वार पर*
*छंद के तोड़ बंध*
*कर अनुबंध राम से राम का*



*पाषाण बनी अहिल्या*
*सहन किया आघात शीत और घाम का।*

बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी, वैष्णो देवी, केदारनाथ, बद्रीनाथ, अजमेर शरीफ, मक्का मदीना, येरूशलम आदि ऐसे पवित्र स्थल हैं, जहाँ मनुष्य अपनी हर दिमागी उलझनों को भूलकर अपने आराध्य की भक्ति में लीन होकर सकारात्मक ऊर्जा की प्राप्ति करता है।

आध्यात्मिक पर्यटन हर उम्र के लोगों के लिए एक बेहतर विकल्प बनकर उभर रहा है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के ज़रिए देश ही नहीं, बल्कि दुनिया भर में फैले भारतवंशियों और उनकी नई पीढ़ी के मन में श्री राम के प्रति आस्था बढ़ी है। ऐसे आध्यात्मिक पर्यटक स्थल लोगों में अपने धर्मों के प्रति रुचि और अपनी जड़ों से जुड़ने के लिए उत्सुकता का भाव पैदा करते हैं। आध्यात्मिक पर्यटन स्थल इंसान को मनोरंजन के साथ ही अपने धर्मों, प्राचीन परंपराओं, अपने आराध्य से जुड़ने और उनसे प्रेरणा लेने के लिए एक सूत्रधार का काम भी करते हैं। आध्यात्मिक पर्यटन हमें न सिर्फ शिष्टाचार और आदर्शवादी जीवन की ओर अग्रसर करने के लिए आवश्यक है, बल्कि हमें एक बेहतर इंसान के रूप में सद्भावना और सद्गुणों के साथ विश्व में पहचान दिलाने के लिए भी महत्वपूर्ण है। भारत कई धर्मों, भाषाओं और परंपराओं के साथ समृद्ध सांस्कृतिक विविधता के लिए जाना जाता है। यह विविधता ही उन नए पर्यटकों को विशेष रूप से आकर्षित करती है, जो नई संस्कृति को जानना और समझना चाहते हैं।

### आध्यात्मिक पर्यटन का महत्व

फल, फूल, प्रसाद, मूर्ति, चित्र, श्रृंगार, पोशाक, खिलौने, कंठी-माला, पूजा सामग्री इत्यादि ऐसी बहुत सी वस्तुएं न सिर्फ मंदिर और तीर्थ क्षेत्र में फुटकर व्यापारियों को जीविका प्रदान करती हैं, बल्कि घंटे, दीपक, मूर्ति आदि वस्तुएँ दूरदराज के उद्योगों को भी पोषित करती हैं।

सामाजिक दृष्टि से देखा जाए तो इन व्यवसायों में लिप्त जातियाँ भी मुख्यत: वे हैं, जिनकी गणना अनुसूचित या पिछड़ी जातियों में होती है।

मंदिरों के दर्शन करने आए तीर्थयात्री रुकने, घूमने, खानपान और स्थानीय उत्पादों के क्रय से बहुत बड़े तंत्र को पोषित करते हैं।

पर्यटन से आय के साथ-साथ ग्रामीण समुदायों को उद्यमिता का अवसर भी मिलता है।

कम लोकप्रिय क्षेत्रों में पर्यटकों को आकर्षित करके इन इलाकों में पूंजी का प्रवाह बढ़ाने के साथ-साथ नौकरियों के मौके पैदा किए जा सकते हैं। इससे ग्रामीण समुदायों और युवाओं के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव आ सकता है।

*बिंदु से सिंधु तक की यात्रा है आध्यात्म*
*गर्व से गौरव, सत्य से शाश्वत की यात्रा है आध्यात्म*
*सारिता से सविता का, आदि से आरंभ का सेतु है आध्यात्म*

*आध्यात्म और पर्यटन केवल एक यात्रा नहीं है।* यह सांस्कृतिक संस्कार है। यही भाव सत्य और शाश्वत है। जी टी

## कविता

# बदलता दौर

साहिबा तबस्सुम
ऐमिटी इंटरनेशनल स्कूल, पुष्प विहार (सिंक्रो कनेक्ट), कक्षा 10

ऐसे वक्त में हैं, हम खड़े,
जहाँ बदल रही है दौर-ए-जिंदगी,
देखो तो चल रही है हवा, कैसी नई,
जिंदगी बदल रही है रंग,
मुरझा रही हैं कलियाँ,
छिप रही है उम्मीद की किरण।

मनोदशा न कर सकें बयाँ,
हाल-ए-दिल ने हमें यों उलझा रखा,
क्या कोई है जो हमें समझ सका?
क्या करूँ मैं हाल-ए-दिल बयान,
महसूस कर सब उर हो रहा रुआँसा।

कहने को साथ सब हैं खड़े,
पर क्या कोई साथ सच में दे रहा?
रो कैसे सकें रोग से ग्रस्त हैं हम,
कोई न पहचान सका,
हाल ये देखकर वो राहियों ने कहा।

वो जब रहते हैं साथ खुश देखा है उन्हें,
सभी परेशानियों से मुक्त देखा है उन्हें,
पर भीड़ में भी वीरानों सा देखा है उन्हें,
दशा किस दिशा में चल रही क्या पता,
दौर-ए-जिंदगी बदल रही, जहाँ देखा।




रिद्धिमा श्रीवास्तव, ऐमिटी इंटरनेशनल स्कूल, ग्वालियर, कक्षा 10

मेरा शहर सिर्फ इतना ही नहीं है जितना मैं अपनी जगह पर रहती हूँ, बल्कि वह मेरी पहचान का एक अनिवार्य हिस्सा है। प्रत्येक व्यक्ति की अपने शहर की अच्छी यादें जुड़ी हैं और वे हमेशा व्यक्ति के जीवन का हिस्सा बनी रहती हैं। मेरे लिए मेरा शहर ऐसा स्थान है जहाँ मैंने अपने बचपन का अधिकाँश समय गुज़ारा है। यह ऐसी जगह है जिससे मैं प्यार करती हूँ और मेरा सारा जीवन गुज़ारना चाहती हूँ।

ग्वालियर शहर और इसका प्रसिद्ध दुर्ग उत्तर भारत के प्राचीन शहरों के केंद्र रहे हैं। यह शहर प्रतिहार राजवंश, तोमर तथा कछवाहा की राजधानी रही है। यह किला क्षत्रिय शासक सूरज सेन कछवाहा के द्वारा निर्मित किया गया था। प्राचीन चिह्न स्मारकों, किलों, महलों के रूप में यहाँ मिल जाएँगे। सहेज कर रखे गए अतीत के भव्य स्मृति चिह्न इस शहर को पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण बनाते हैं। ग्वालियर को गालव ऋषि की तपोभूमि कहा जाता है।

ग्वालियर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रमुख स्मार्ट सिटीज मिशन के तहत स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित होने वाले सौ भारतीय शहरों में से एक के रूप में भी चुना गया है। मेरी प्राथमिकता का क्षेत्र अंडर ग्राउण्ड बिजली लाइन है ताकि सड़क बिजली पोल से मुक्त रहे और बिजली की चोरी रुक जाए। पूरे शहर में ओपल वॉटर पाइप लाइन हो एक पेय जल की तो दूसरी ओर रिसाइक्लिंग किए गए जल का उपयोग किया जा सकता है। शहरों का यातायात सुगम हो, सड़कें साफ-सुथरी तथा चौड़ी हों। विकलांगों के लिए सार्वजनिक स्थल बस स्टॉप आदि पर रैंप का निर्माण हो। सारे शहर को डिजिटल की सुविधा से जोडकर स्मार्ट डिज़ाइन प्रदान किया जाना चाहिए। जी टी

# आधुनिकता की अंधी दौड़

## शहर ही नही, गाँव और कस्बों में भी कंक्रीट के जंगल नजर आने लगे हैं

ईशी पांडे, ऐमिटी इंटरनेशनल स्कूल, वृन्दावन योजना, लखनऊ, कक्षा 11 सी

जिस तरह तापमान प्रति वर्ष बढ़ रहा है, उसे देखकर लगता है कि भविष्य में गर्मी सारे रिकॉर्ड तोड़ देगी। शहर ही नहीं, गाँवों-कस्बों में भी कंक्रीट के जंगल नजर आने लगे हैं। आधुनिकता की अंधी दौड़ सब कुछ निगल जाना चाहती है। नए कारखाने, नए भवन, उपजाऊ जमीन की छाती पर चढ़े बैठे हैं। घर, गाड़ी और दफ्तर वातानुकूलन के नाम पर वातावरण में आग उगलने का काम कर रहे हैं। सड़कों पर निकलना हथेली पर आग रखने के समान हो गया है। यही हाल रहा तो भविष्य में घर से निकलना दूभर होगा। इसका समाधान निकले तो कैसे?

### पर्यावरणीय संकट और उसके प्रभाव

तापमान में वृद्धि का सबसे बड़ा कारण है मानवीय गतिविधियों से उत्पन्न ग्रीन हाउस गैसों का बढ़ता उत्सर्जन। औद्योगिकीकरण के नाम पर वनों की कटाई ने वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड और अन्य हानिकारक गैसों की मात्रा को बढ़ा दिया है। यह न केवल पृथ्वी की सतह को गर्म कर रहा है, बल्कि जलवायु



परिवर्तन को भी तेजी से बढ़ा रहा है।

### कोरोना काल का सबक

कोरोना और लॉकडाउन ने एक बार विश्व को सबक दिया था। उस दौरान औद्योगिक गतिविधियों के ठप्प हो जाने से वातावरण शुद्ध और तापमान कम होने लगा था, पर जैसे ही सब सामान्य हुआ तो मौसम असामान्य हो गया। यह दिखाता है कि यदि हम ठोस कदम उठाएँ तो पर्यावरण में सुधार संभव है। लेकिन, समय की धूल उस सबक पर बहुत जल्दी जम गई और हम फिर से पुरानी राह पर चल पड़े।

### समाधान की दिशा में प्रयास


आखिर हम कहाँ जाकर रुकेंगे और पर्यावरण के बारे में कब चिंतन-मनन करेंगे? कहीं ऐसा न हो कि भावी पीढ़ी हमारे कर्मों का फल भोगे। अत: हमें अभी सजग हो जाना चाहिए और अपने व्यवहार में परिवर्तन करना चाहिए। पेड़ों की कटाई रोकने और वृक्षारोपण पर हमें गंभीरता से काम करना होगा। सरकार प्रयासरत् है किन्तु मात्र सरकार के प्रयास पर्याप्त नहीं। हम सभी को सामूहिक रूप से और गंभीरता से इस विषय पर काम करना होगा ताकि हमारे साथ-साथ आगामी पीढ़ी का भविष्य भी सुरक्षित हो सके। नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों का उपयोग बढ़ाना, ऊर्जा की बचत करना और वृक्षारोपण को बढ़ावा देना ऐसे ही कुछ उपाय हैं।

### निष्कर्ष

पर्यावरणीय संकट से निपटने के लिए सामूहिक प्रयास और सतत जागरूकता जरूरी है। हमें न केवल अपने व्यवहार में बदलाव लाना होगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी एक स्वस्थ और सुरक्षित पर्यावरण प्रदान करने के लिए कदम उठाने होंगे। अगर हम आज सजग हो जाएँ और सही दिशा में काम करें, तो निश्चित रूप से हम एक समृद् और सुरक्षित भविष्य की ओर बढ़ सकते हैं। जी टी

# सपना था या हकीकत

अमोदिनी वरमानी, ऐमिटी इंटरनेशनल स्कूल गुरुग्राम, सैक्टर 43, कक्षा 10 डी



मार्च का महीना था। पाँचवी कक्षा के नतीजे आ गए थे। नई कक्षा में जाने का उत्साह मेरी बेचैनी को बढ़ा रहा था। पिताजी के दफ़्तर से आते ही मैं उनके साथ नई वर्दी, पुस्तकें एवं अन्य सामग्री लेने बाज़ार गई। बाज़ार से घर आकर मैं थक कर सो गई थी। सो कर जब उठी तो देखा कि सभी सहमे-से अपने घरों में क़ैद हैं, सड़कों पर लोगों की आवाजाही कम है। घर के बाहर जाने पर प्रतिबंध है। चारों तरफ़ सन्नाटा है। कोरोना वायरस का सबको ख़ौफ़ है। यह सब क्या हो रहा है? पता चला कि अब मैं विद्यालय भी नहीं जा सकती थी। मेरा मन उचाट हो रहा था। मुझे अपने प्यारे मित्र, शैरी की याद आई जो मेरा पालतू कुत्ता था। आज जब मैं बरामदे में आई तो देखा कि शैरी भी चुपचाप खड़ा था। तभी मुझे एक छोटी-सी चिड़िया बरामदे में दिखी और उसके बाद अनेक चिड़ियाँ चहकती हुई आसमान में झुंड में उड़ती हुई दिखाई दीं। जैसे वे स्वच्छंद महसूस कर रही हों। कितना अद्भुत नज़ारा था! आसमान साफ़ दिखाई दे रहा था। मैं विद्यालय न जा पाने का, अपने दोस्तों के साथ समय न व्यतीत कर पाने की सारी वेदना भूल गई। बस इसी सोच में डूबी रह गई कि क्या हम ही हैं जिन्होंने इन पक्षियों को, इस नीले आसमान को और इस बहती हुई निर्मल हवा को बांध रखा है? मुझे इस बात का अहसास हुआ कि हम लोगों ने प्रकृति के पेड़-पौधों, पशु-पक्षियों तथा झरनों का ख़्याल नहीं रखा है। यह हम मनुष्य ही हैं, जो उन संसाधनों के मूल्य का अहसास नहीं करते हैं जो प्रकृति ने हमें प्रदान किए हैं। हम वास्तव में प्रकृति के अमूल्य संसाधनों की ओर तब तक कृतज्ञता नहीं व्यक्त करते जब तक हम उनसे वंचित नहीं हो जाते। मैं इसी सोच में डूबी हुई थी कि अचानक शैरी की आवाज़ आई। उसके खाने के लिए मेज़ पर रखे काँच के मर्तबान में रखे हुए बिस्कुट लेने दौड़ी तो मर्तबान नीचे गिर पड़ा और जैसे ही उसके गिरने की आवाज़ आई, वैसे ही मेरी भी नींद खुल गई। क्या यह सिर्फ़ एक सपना था? आँखें खुली तो सन्नाटा अब भी था, सड़क पर लोग दिखाई नहीं दे रहे थे। जो भी मैंने सपने में देखा था, वह सब तो सच था। लेकिन अब मुझे कोई भय न था, क्योंकि मैं इस बात से भली-भाँति अवगत हो गई थी कि इन परिस्थितियों का सामना करना हम सबका कर्तव्य है। इसी भरोसे के संग एक उम्मीद भी जुड़ी हुई थी कि मैं पुनः अपने विद्यालय जा पाऊँगी, दोस्तों से मिल पाऊँगी तथा सब कुछ ठीक हो जाएगा। पहली बार ऐसा महसूस हुआ कि कोविड की वह घड़ी, जो अभिशाप समान प्रतीत होती थी, वह वास्तव में मनुष्य के लिए सीख लेने का दौर था। किसी ने सही कहा है, कि हमने यह धरती अपने पूर्वजों से विरासत में नहीं ली है, बल्कि हमने इसे अपनी आने वाली पीढ़ियों से उधार स्वरूप लिया है, अतः हमारी नैतिकता इसी में है कि हम इसका ध्यान रखें, तथा अपनी प्रकृति के अमूल्य संसाधनों को नष्ट न करें।



# हवेली का राज़

उन्नति कुमारी, ऐमिटी इंटरनेशनल स्कूल, रायपुर, कक्षा 9 ए

